# कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ

पत्रांक 244 /व0प्रा0सप्ताह (कैम्प)/जू  दिनांकः  सितम्बर, 2024

सेवा में,

प्रिंसिपल/मैनेजर
समस्त विद्यालय
जनपद–लखनऊ।

विषय–नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में वन्य प्राणि सप्ताह (दिनांक 02 से 08 अक्टूबर, 2024) का आयोजन।

प्रिय महोदय/महोदया

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी लखनऊ प्राणि उद्यान में वन्य प्राणि सप्ताह 2024 का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस सप्ताह प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा विद्यालयों के छात्र/छात्राओं हेतु वन्य जीव आधारित विभिन्न प्रकार के आयोजन/स्पर्धाएं आयोजित की जाती हैं (स्पर्धाओं की सूची संलग्न है)। इन प्रतियोगिताओं/स्पर्धाओं का उद्देश्य प्रतिभागियों में पर्यावरण, वन एवं वन्यजीवों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कराना तथा उनके प्रति अभिरूचि एवं जागरुकता उत्पन्न करना है। इस अवसर पर पूरे सप्ताह प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र/छात्राओं एवं संबंधित शिक्षकों का प्रवेश **निःशुल्क** रहेगा तथा **12 वर्ष तक के सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पूर्णतयः निःशुल्क रहेगा। सभी विद्यार्थियों को स्कूल की यूनीफार्म में आना होगा एवं उनका पहचान पत्र होना आवश्यक है।**

अतः आप अपने विद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु भेजने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीया,
16/09/2024

**(अदिति शर्मा I.F.S.)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ

# प्राणि उद्यान, लखनऊ में "वन्य प्राणि सप्ताह–2024"

| दिनांक | दिन | समय | कार्यक्रम | ग्रुप | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 02.10.24 | बुधवार | 11.00 से 02.00 तक | माननीय मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह 2024 का उद्घाटन | समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को निमंत्रण | |
| | | | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| | | | सारस के संरक्षण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| 03.10.24 | गुरुवार | 11.00 से 02.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| | | | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता | सभी के लिये | बारादरी |
| 04.10.24 | शुक्रवार | 11.00 से 02.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित कागज से तथा पेपर मेशिंग से एनीमल मेकिंग (औरीगेमी) | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | बारादरी |
| | | | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित एनीमल मेकिंग विद क्ले प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| 05.10.24 | शनिवार | 11.00 से 02.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| | | | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित बेस्ट आउट आफ द वेस्ट (Best out of the waste) | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 06.10.24 | रविवार | 11.00 से 02.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| | | | वन्यजीवों के जबडे,नाखून,पंजे जो उन्हें सफल शिकारी बनाते हैं की आर्ट प्रतियोगिता<br>Art competition of wildlife's Jaws,Claws and Paws that makes them successful hunters. | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| 07.10.24 | सोमवार | 11.00 से 02.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | प्राणि उद्यान सभाकक्ष |
| 07.10.24 | सोमवार | 11.00 से 02.00 तक | सारस संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 08.10.24 | मंगलवार | | मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण | समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को निमंत्रण शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त अतिथियों हेतु | |

## दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर, 2024 (वन्य प्राणि सप्ताह) के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नियम–

### 1– वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता–समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक

दिनांक **02.10.2024** को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित फैन्सी ड्रेस पर आधारित होगी। जिसमें प्रतिभागियों को वन्यजीव एवं पर्यावरण से सम्बन्धित ड्रेस पहन कर आना होगा। ड्रेस का प्रबंध प्रतिभागियों को स्वयं करना होगा। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की जायेगी।–

(अ) कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

### 2–सारस के संरक्षण पर आधारित क्विजप्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक

**दिनांक 02.10.2024** को यह प्रतियोगिता सारस के संरक्षण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता का परिणाम एंव पुरूस्कार वितरण दिनांक **03.10.2024** को घोषित किया जायेगा।यह प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

### 3– वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता–समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक

दिनांक **03.10.2024** को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ परिसर में आयोजित की जायेगी। प्रतिभागियों को मेंहदी लगाने हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। समस्त प्रतिभागियों को मेंहदी प्रतियोगिता हेतु सामग्री स्वयं लानी होगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी
(स) ओपेन वर्ग

### 4– वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता–समय दोपहर 11:00 से 02:00 बजे तक

दिनांक **03.10.2024** को यह कार्यक्रम वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय से एक ही टीम स्वीकार्य होगी तथा एक टीम में अधिकतम 10 सदस्य होंगे।

### 5– वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित कागज से एनीमल मेकिंग प्रतियोगिता (ORIGAMI) समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक

दिनांक **04.10.2024** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित स्कूली विद्यार्थियों हेतु रंगीन कागज से एनीमल मेकिंग प्रतियोगिता (ORIGAMI) प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु रंगीन कागज प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

(स) ओपेन वर्ग

**6—वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित एनीमल मेकिंग विद क्ले प्रतियोगिता समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक**

दिनांक **04.10.2024** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित एनीमल मेकिंग विद क्ले प्रतियोगिता हेतु क्ले प्रतिभागियों द्वारा स्वयं लाना होगा तथा क्ले के अतिरिक्त किसी अन्य सामग्री का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित होगा।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी
(स) ओपेन वर्ग

**7—वन्य जीव संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता—समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक**

दिनांक **05.10.2024** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु चेहरे पर उपयोग किये जाने वाले रंग (Colours) प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। प्रतिभागी विद्यार्थियों के अध्यापकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कलर्स प्रतिभागियों के लिये नुकसानदेह न हों। प्रतिभागियों को फेस पेंटिंग हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**8—वन्य जीव संरक्षण पर आधारित Best out of the waste प्रतियोगिता—अपराह्न 11:00 से 02:00 बजे तक**

दिनांक **05.10.2024** को वन्य जीव संरक्षण पर आधारित Best out of the waste प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु Waste प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**9—वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता—समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक**

दिनांक **06.10.2024** को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ परिसर में आयोजित की जायेगी। **02 विद्यार्थी** मिलकर एक रंगोली बनायेंगे। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**10—वाइल्ड लाइफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित आर्ट प्रतियोगिता—समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक**

दिनांक **06.10.2024** वन्यजीवों के जबडे,नाखून,पंजे जो उन्हें सफल शिकारी बनाते हैं की आर्ट प्रतियोगिता Art competition of wildlife's Jaws,Claws and Paws that makes them successful hunters. विद्यार्थियों हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ परिसर में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

आर्ट प्रतियोगिता हेतु कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(स) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**11— वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता —समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक(प्राणि उद्यान सभाकक्ष )**

दिनांक **07.10.2024** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता विद्यार्थियों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर के प्राणि उद्यान सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा—6 से 8 तक

(ब) कक्षा—9 से 12 तक

(स) ओपेन वर्ग

**नियम —**

1— फोटोग्राफी प्रतियोगिता की थीम वाइल्ड लाइफ ऑफ इंडिया होगी।

2— प्रत्येक प्रतियोगी की अधिकतम 04 फोटो (कलर/ब्लैक एण्ड वाइट) ही स्वीकार की जायेंगी।

3— फोटो का साइज न्यूनतम 8'*X10'' तथा अधिकतम 12''X18'' (Unmounted) होगा। इससे कम साइज स्वीकार्य नहीं होगा।

4— प्रतियोगी का नाम, पता, श्रेणी, शीर्षक तथा फोन नम्बर फोटो की पीछे की ओर लिखा होना आवश्यक होगा।

5— फोटोग्राफी प्रतियोगी द्वारा स्वयं खींचे गये फोटो ही देने होंगे यदि उन फोटोग्राफ पर कोई और व्यक्ति दावा करता है तो निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम होगा।

6— फोटो 30 सितम्बर, 2024 को सांय 05.00 बजे तक बंद लिफाफे में स्वीकार कीजायेंगी।

7— फोटो निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे।

**12—सारस संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता— समय पूर्वाह्न 11:00 से 02:00 बजे तक**

दिनांक **07.10.2024** को सारस संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता विद्यार्थियों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा—6 से 8 तक

(ब) कक्षा—9 से 12 तक

**13— मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण—समापन समारोह**

दिनांक **08.10.2024** को मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी।

**प्रतियोगिताओं हेतु अन्य नियम—**

- समस्त प्रतियोगिताएं कार्यक्रम सूची में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित की जायेगी। अतः प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से आधा घन्टा पूर्व **(प्रातः 10:30)** तक अवश्य उपस्थित हो जायें।
- प्रत्येक स्कूल/कॉलेज प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 5 प्रतिभागी भेज सकते हैं। नुक्कड़ नाटक में प्रत्येक विद्यालय से 01 टीम स्वीकार्य होगी। निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अन्तिम होगा।

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची दिनांक **25.09.2024** को सायं 05.00 बजे तक निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय में पहुँच जानी चाहिये।
- प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 4 पुरस्कार होंगे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ के विवेक से निर्धारित किये जा सकते हैं।
- कार्यक्रम, नियम (यदि आवश्यक समझा जाये) में परिवर्तन करने का अधिकार निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ के पास सुरक्षित रहेगा।
- वन्य प्राणि सप्ताह के कार्यक्रमों सम्बन्धित जानकारी प्राणि उद्यान के दूरभाष संख्या–0522–2239588, श्री अभिषेक दुबे से **8005493607** पर एवं वेबसाइट www.lucknowzoo.com पर प्राप्त की जा सकती है। व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को अपने विद्यालय की यूनीफार्म में आना होगा तथा विद्यालय का पहचान पत्र अवश्य लाना होगा।

**(अदिति शर्मा I.F.S.)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ